

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

4 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 4 सितंबर का इतिहास

- **1665 :** मुगलों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच राजा जय सिंह संधि पर हस्ताक्षर हुए।
- **1888 :** महात्मा गांधी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरू की।
- **1946 :** भारत में अंतरिम सरकार का गठन किया गया।
- **1944 :** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने बेल्जियम के एंटवर्प शहर में प्रवेश किया।
- **2009 :** गुजराज उच्च न्यायालय ने असवंत सिंह की मुहम्मद अली जिन्ना पर लिखी गई किताब पर गुजरात में लगे प्रतिबंध को हटाया

## 4 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- पश्चिम बंगाल में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक खुलेगा। विश्व में सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक बनने के अलावा पश्चिम बंगाल में वैदिक तारामंडल का मंदिर, जो इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ कृष्णा कॉन्शियसनेस के मुख्यालय के रूप में काम करेगा, दुनिया का सबसे बड़ा गुंबद भी होगा। वैदिक तारामंडल मेहमानों को ब्रह्मांडीय निर्माण के विभिन्न हिस्सों की सैर कराएगा। वैदिक तारामंडल का मंदिर पश्चिम बंगाल के मायापुर में नादिया जिले में है और एक बार पूरा होने के बाद यह ताजमहल और सेंट पीटर्सबर्ग से भी बड़ा होगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक के आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग के निदेशक डॉ. आशुतोष राराविकर ने इंडियन बैंकिंग इन रेट्रोस्पेक्ट-75 इयर्स ऑफ इंडिपेंडेंस नामक एक नई पुस्तक लिखी है। पुस्तका का प्रकाशन असवद प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। भारत के प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने पुस्तक की प्रस्तावना लिखी है।
- जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक ऑनलाइन मोबाइल ऐप जेके इकॉप लॉन्च किया। जेके इकॉप ऐप आम लोगों के साथ बातचीत करने का एक आसान तरीका प्रदान करेगा। नागरिक ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करने और एफआईआर की एक प्रति डाउनलोड करने जैसी कई सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से नागरिक चरित्र प्रमाण पत्र, कर्मचारी सत्यापन, किरायेदार या पीजी सत्यापन जैसी सेवाओं का भी अनुरोध कर सकते हैं। ऐप की मदद से नागरिक राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति भी प्राप्त कर सकते हैं। इससे पुलिस विभाग पर भी बोझ कम होगा।
- ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार भारत के दिग्गज अरबपति ओर अडानी ग्रुप के मालिक गौतम अडानी दुनिया में तीसरे सबसे अमीर आदमी बन गए है।
- योजना आयोग के पूर्व सदस्य एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रमुख विशेषज्ञों में से एक अभिजीत सेन का निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे।
- सोवियत संघ के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव का निधन हो गया। मिखाइल गोर्बाचेव का 91 साल की उम्र में निधन हो गया।
- भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने भारतीय महिला एथलीटों, विशेष रूप से युवा एथलीटों का समर्थन करने के लिए एचएसबीसी इंडिया के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। सहयोग की शर्तों के तहत, प्रतिभाशाली लड़कियों को अंडर-14 ओर अंडर-16 राष्ट्रीय अंतर जिला चैंपियनशिप से चुना जाएगा और दुनिया भर में प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने वादा किया कि चयनित एथलीटों के लिए विशेष कोचिंग शिविर स्थापित किए जाएंगे ओर उनकी सभी जरूरतों का ध्यान रखा जाएगा।
- केंद्र सरकार द्वारा एक नया नियामक PARAKH स्थापित किया जा रहा है। PARAKH का पूण रूप - Performance Assessment, Review and Analysis of Knowledge for Holistic Development है। यह नियामक राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण प्रक्रिया की निगरानी और संचालन करेगा। यह NCERT की एक घटक इकाई के रूप में कार्य करेगा। इसका लक्ष्य रट कर सीखने को समाप्त करना भी होगा।
- ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने भविष्यवाणी की ला नीना की लगातार तीसरी घटना हो सकती है। इससे इस गर्मी में ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर बारिश बढ़ेगी। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने अनुमान लगाया है कि ला नीना घटना की संभावना 70% होगी।
- कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में BY 523 माहे युद्धपोत के निचले ढांचे के निर्माण का काम आरंभ किया गया। यह पनडुब्बी विनाशक पोत परियोजना का पहला युद्धपोत हैं। यह एक जटिल पोत निर्माण परियोजना है। इन पोतों के निर्माण से देश में आत्मनिर्भर भारत की भावना और मेक इन इंडिया की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा।
- फार्माकोपिया कमीशन फॉर इंडियन मेडिसिन एंड होम्योपैथी और इंडियन फार्माकोपिया कमीशन ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- हैलिफैक्स कनाडा में 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में 55 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग शर्मा का संघ का अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुना गया है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. दक्षिण भारत के केरल राज्य का सबसे लोकप्रिय त्यौहार ओणम उत्सव कब से कब तक मनाया जाएगा ?**

(A) 30 अगस्त से 8 सितंबर तक
(B) 31 अगस्त से 9 सितंबर तक
(C) 1 सितंबर से 10 सितंबर तक
(D) 3 सितंबर से 13 सितबर तक

**(A)** इस साल ओणम त्यौहार 30 अगस्त से शुरू होकर 8 सितंबर 2022 तक मनाया जाएगा। ओणम को खासतौर पर खेतों में फसल की अच्छी उपज के लिए मनाया जाता है। ओणम पर्व का खेती ओर किसानों से गहरा संबंध है। किसान अपने फसलों की सुरक्षा और अच्छी उपज के लिए श्रावण देवता और पुष्पदेवी की आराधना करते है।




**2. केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारत की 7500 किमी लंबी समुद्रतट रेखा की सफाई के लिए स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान को कहाँ से शुरू किया गया है?**

(A) गोवा (B) केरल
(C) पुदुचेरी (D) आंध्रप्रदेश

**(C)** इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य बीचो व तटों के आसपास रहने वाले लोगों में जागरूकता पैदा करना है। इस अभियान के तहत 17 सितंबर अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस के अवसर पर 7500 किमी समुद्री तटीय रेखा के प्रत्येक किमी पर 75 स्वयं सेवक सफाई अभियान में जुटेंगे।




**3. महाराष्ट्र का पहला दिव्यांग पार्क कहां स्थापित किया जाएगा ?**

(A) बैंगलुरू (B) इंदौर
(C) नागपुर (D) वाराणसी

**(C)** महाराष्ट्र का पहला दिव्यांग पार्क नागपुर में स्थापित किया जाएगा। दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग पार्क में संवेदी उद्यान, टेक्सटाइल पथ, स्पर्श और गंध उद्यान, कौशल प्रशिक्षण सुविधा, पुनर्वास सुविधा, खेल और सूचना आदि जैसी कई सुविधाएं होगी। पार्क विशेष रूप से विकलांग लोगों के लिए होता ताकि वे भी आनंद उठा सकें और आराम कर सकें। जल्द ही पार्क का काम शुरू हो जाएगा।



**4. टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज कौन बन गए है ?**

(A) हार्दिक पांड्या (B) रोहित शर्मा
(C) उमेश यादव (D) विराट कोहली

**(B)** टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रोहित शर्मा बन गए। इस मामले में उन्होंने न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल को पीछे छोड़ दिया है। वहीं सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की फेहरिस्त में विराट कोहली तीसरे नबंर पर है। रोहित शर्मा अब तक 129 टी-20 मैचों में 3443 रन बना चुके है।



**5. हाल ही में किस राज्य में सभी ग्राम पंचायतों में अब खेल स्टेडियम बनाये जाएंगे?**

(A) हरियाणा (B) राजस्थान
(C) मध्यप्रदेश (D) कर्नाटक

**(B)** राजस्थान के 11 हजार 307 ग्राम पंचायतों में अब खेल स्टेडियम बनाये जाएंगे। इन खेल स्टेडियम में 10 से अधिक खेलकूद की सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी। जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। प्रदेश के 33 जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर और करीब 352 ब्लॉक में अगले 5 साल में अलग-अलग फेज में खेल स्टेडियम तैयार किये जाएंगे। यह सभी कार्य केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय के राजीव गांधी खेल अभियान योजना के तहत करवाए जा रहे है।



**6. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने 'सीएम उद्योग खिलाड़ी उन्नयन योजना' शुरू की ?**

(A) उत्तराखंड (B) कर्नाटक

(C) छत्तीसगढ़ (D) तमिलनाडु

**(A)** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सीएम उद्योग खिलाड़ी उन्नयन योजना की शुरूआत की। उन्होंने आठ से 14 वर्ष आयु के खिलाड़ियों को प्रत्येक माह 1500 रूपये की खेल छात्रवृत्ति देने की शुरूआत करते हुए कई अन्य घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल विकास निधि की स्थापना की जाएगी।




**7. कैडेट विश्व चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला जूडो खिलाड़ी कौन बनी है ?**

(A) कल्पना थोडम (B) तूलिका मान

(C) लिंथोई चनंबम (D) सुशीला देवी

**(C)** लिंथोई चनंबम पहली भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कैडेट विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। इन्होंने सराजेवों में चल रही प्रतियोगिता में महिलाओं के 57 किलोग्राम भारवर्ग में ब्राजील की बिनाका रेईस को हराकर स्वर्ण पदक जीता है।



**8. अक्षय ऊर्जा एजेंसियों का संघ कब अस्तित्व में आया ?**

(A) 2014 (B) 2015

(C) 2017 (D) 2018

**(A)** अक्षय ऊर्जा एजेंसियों का संघ 2014 को अस्तित्व में आया। अक्षय ऊर्जा के लिए सभी राज्य की नोडल एजेंसियों AREAS की सदस्य हैं। यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत है। MNRE के प्रभारी केंद्रीय मंत्री इसके पदेन संरक्षक जबकि MNRE के सचिव इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं।



**9. हाल ही में किस देश की स्वदेशी वैक्सीन Lumpi-ProVac सुनिश्चित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है ?**

(A) भारत (B) चीन

(C) अमेरिका (D) जापान

**(A)** भारत की स्वदेशी वैक्सीन Lumpi-ProVac की व्यावसायिक उपलब्धता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। Lumpi-ProVac पशुओं को गाँठदार त्वचा रोग से बचाने के लिए एक टीका है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में केंद्रीय कृषि ओर किसान कल्याण मंत्री ने इस वैक्सीन को लॉन्च किया था।




**10. गौतम अडानी कितने अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए ?**

(A) 120 अरब डॉलर (B) 137.4 अरब डॉलर

(C) 180.8 अरब डॉलर (D) 199.7 अरब डॉलर

**(B)** गौतम अडानी 137.4 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए है। गौतम अडानी ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स रैंकिंग के शीर्ष 3 में पहुंचने वाले पहले एशियाई बन गए। उन्होंने फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट को पीछे छोड़ दिया है ओर अब ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में अमेरिका के एलोन मस्क और जेफ बेजोस से पीछे हैं।

